# बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

# मासिक प्रतिवेदन

## फरवरी, 2022

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार)

# बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

विषय सूची — पेज नं.


| | | |
|---|---|---|
| (A) | अभियंताओं/वास्तुविदों/संवेदकों/राजमिस्त्रियों का भूकम्परोधी निर्माण तकनीक से संबंधित प्रशिक्षण | 01 |
| (B) | विद्यालय के एक–एक फोकल शिक्षक को कोविड–19 संक्रमण से बचाव एवं घर में ही आइसोलेशन के दौरान की सावधानियां तथा मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम (MSSP) विषय पर ऑनलाइन संवेदीकरण | 03 |
| (C) | कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपाय एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूकता विषय पर ऑनलाईन संवेदीकरण | 05 |
| (D) | कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपाय एवं डूबने से होने वाली मौतों की रोकथाम हेतु ऑनलाईन संवेदीकरण | 07 |
| (E) | जीविका दीदियों एवं पदाधिकारियों का कोविड–19 संक्रमण से बचाव, आइसोलेशन, शीतलहर एवं अगलगी से बचाव के लिए संवेदीकरण | 08 |
| (F) | अस्पताल अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम | 09 |
| (G) | बहु–आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर सामुदायिक स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण | 10 |
| (H) | पंचायत संसाधन केन्द्र (DPRC) के पदाधिकारियों का "आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन" विषय पर दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण | 11 |
| (I) | **M/s Anshul Snacks and Beverages Pvt. Ltd.** में ब्यॉलर बिस्फोटः घटना के आलोक में माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, प्रधान बैंच, दिल्ली द्वारा बनाए गये संयुक्त समिति का घटना स्थल पर जा कर जाँच एवं ऑनलाइन मीटिंग | 12 |
| (J) | **Disaster Risk Reduction & Resilience in Cities** विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण | 13 |
| (K) | सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावकारी कार्रवाई के लिए SOP तैयार करने के लिए बैठक | 14 |

# बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

## मासिक प्रतिवेदन (फरवरी, 2022)

### (A) अभियंताओं/वास्तुविदों/संवेदकों/राजमिस्त्रियों का भूकम्परोधी निर्माण तकनीक से संबंधित प्रशिक्षण

1. माह जनवरी 2022 तक राज्य के सभी (38) जिलों के साथ–साथ भूकम्पीय जोन v के 8 में से 6 जिलों (किशनगंज, अररिया, सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मधुबनी एवं सीतामढ़ी) में भूकम्परोधी भवन निर्माण तकनीक पर अनुभवी राजमिस्त्रियों के सात दिवसीय प्रशिक्षण का दूसरे बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया।

इस प्रकार जनवरी 2022 तक कुल 18,905 अनुभवी राजमिस्त्रियों एवं 38 जिलों में (मुख्यालय सहित) कुल 2676 असैनिक अभियंताओं को भवनों के भूकम्परोधी निर्माण एवं रेट्रोफिटिंग तकनीक विषय पर प्रशिक्षित किया जा चुका है। कोविड के कारण माह फरवरी 2022 में कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम भौतिक रूप से आयोजित नहीं हुआ।

2. राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित महत्वपूर्ण सरकारी भवनों का R.V.S. (Rapid Visual Screening) कराने के संबंध में आई.आई.टी., पटना, के साथ *"Development of guidelines for Seismic Evaluation and Strengthening of old masonry buildings in Bihar based on a pilot study"* के लिए MOU किया गया है। Pilot study के लिए निम्नलिखित पाँच भवनों का चयन किया गया है:

1. डा0 भीमराव अम्बेदकर कल्याण छात्रावास, मगध महिला महाविद्यालय, पटना।
2. डा0 भीमराव अम्बेदकर कल्याण छात्रावास, महेन्द्रू, पटना।
3. आयुक्त कार्यालय भवन, मुजफ्फरपुर।
4. समाहरणालय भवन, पूर्वी चम्पारण।
5. समाहरणालय भवन, दरभंगा।

फरवरी माह में आयुक्त कार्यालय भवन, मुजफ्फरपुर को छोड़कर अन्य चार भवनों का स्थल निरीक्षण एवं नमूना संग्रह आदि किया जा चुका है।

3. आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में राजमिस्त्रियों को दिए जाने वाले टूल किट से संबंधित सामग्रियों का GeM Portal के माध्यम से क्रय एवं संबंधित कार्य किए गये हैं। फरवरी माह में टूल कीट की आपूर्ति की गई।

4. प्रशिक्षण एवं जागरूकता संबंधी कार्यक्रम में भूकम्प कंपन के प्रभाव को प्रदर्शित करने में उपयोगी protable shake table के निर्माण हेतु NIT Raipur के साथ MOU हस्ताक्षरित किया गया है। तदनुसार फरवरी माह में Shake Table निर्माण कार्य से संबंधित अनुश्रवण किया गया।

5. फरवरी माह में राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के प्रतिनिधि के साथ राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण मॉड्यूल के पुर्नरीक्षण के लिए पत्राचार एवं ऑन लाइन मिटिंग के माध्यम से चर्चा की गई है। उनके द्वारा अप्रैल माह में PPT के माध्यम प्रस्तुति प्रस्तावित है।

6. दिनांक 10 फरवरी 2022 को मधुबनी जिला के प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों एवं दिनांकः 17 फरवरी 2022 को समस्तीपुर जिला के प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों के साथ Goto Meeting App के माध्यम से रिफ्रेशर कोर्स कराया गया। जिसमें कुल 50 एवं 60 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

7. राजकीय पोलिटेकनिक, दरभंगा में निर्माणाधीन भूकम्प सुरक्षा क्लीनिक सह परामर्श केन्द्र के निर्माण से सम्बन्धित कार्य का अनुश्रवण किया गया।

8. बिहार भूकम्प दूरमापी तंत्र से सम्बन्धित केन्द्रीय संग्रहण स्टेशन भवन एवं फील्ड स्टेशन के निर्माण कार्य तथा हस्तांतरण हेतु आवश्यक कार्य किया गया है।

9. बिहार भूकम्प आपदा प्रबंधन मार्गदर्शिका से गठन के संबंध में ड्राफ्टिंग कमिटी के सदस्यों एवं अन्य विशेषज्ञों के साथ समन्वय का कार्य किए जा रहे हैं। फरवरी माह में चार विशेषज्ञों का मंतव्य प्राप्त हुए हैं। शेष के लिए सम्पर्क किया जा रहा है।

## (B) विद्यालय के एक–एक फोकल शिक्षक को कोविड–19 संक्रमण से बचाव एवं घर में ही आइसोलेशन के दौरान की सावधानियां तथा मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम (MSSP) विषय पर ऑनलाइन संवेदीकरण




संपूर्ण राज्य में विद्यालयों और स्कूली छात्रों/शिक्षकों की विभिन्न आपदाओं से सुरक्षा हेतु MSSP कार्यक्रम चलाया जा रहा है, मगर कोरोना के कारण इस कार्यक्रम में अवरोध उत्पन्न हुआ है और Face to Face प्रशिक्षण कार्यक्रम करना संभव नहीं हो रहा है। कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम विद्यालयों में नहीं चलाये जा रहे हैं। इस वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा निर्णय लिया गया कि राज्य के सभी सरकारी, निजी, मदरसा, संस्कृत, कस्तुरबा गांधी आदि विद्यालयों के फोकल शिक्षकों को ऑनलाईन माध्यम से संवेदित किया जाय।

ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम फेज में फरवरी माह में नालन्दा, मधुबनी, दरभंगा, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चंपारण, पूर्णिया, बांका और जमुई के फोकल शिक्षकों को क्रमशः 01.02.2022, 08.02.2022, 15.02.2022, 22.02.2022 को विशेषज्ञों के द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। उनके द्वारा कोविड से संबंधित प्रश्नोत्तरी सत्र में पूछे गये सवालों का विशेषज्ञों ने जबाव दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण निम्न है :

| क्र.सं | दिनांक | जिला | समय | प्रतिभागी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.02..2022 | नालन्दा | 11:30AM 01:00PM | 276 |
| 2 | | मधुबनी | 02:30PM 04:00PM | 312 |
| 3 | 08.02.2022 | दरभंगा | 11:30AM 01:00PM | 293 |
| 4 | | पूर्वी चम्पारण | 02:30PM 04:00PM | 264 |
| 5 | 15.02.2022 | पश्चिमी चम्पारण | 11:30AM 01:00PM | 283 |
| 6 | | पूर्णिया | 02:30PM 04:00PM | 257 |
| 7 | 22.02.2022 | बांका | 11:30AM 01:00PM | 425 |
| 8 | | जमुई | 02:30PM 04:00PM | 273 |

## (C) कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपाय एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूकता विषय पर ऑनलाईन संवेदीकरण




कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपाय एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से प्राधिकरण द्वारा एन0सी0सी0, उड़ान, पटना के सहयोग से फरवरी 2022 की विभिन्न तिथियों में राज्य के 18 जिलों के एन0सी0सी0 Volunteers का ऑनलाईन संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विशेषज्ञों द्वारा कोविड 19 वायरस के उत्परिवर्त्तन की जानकारी के साथ–साथ इससे बचाच के लिए सावधनियों की जानकारी दी गई।

इस ऑनलाइन संवेदीकरण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों यथा तीव्र गति से वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, लहरियाकट वाहन चलाना, थके हुए ड्राइवर द्वारा वाहन चलाना एवं अन्य सड़क एवं वाहन से संबंधित तकनीकी खराबी आदि से अवगत कराया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपायों (क्या करें, क्या नही करें) के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया गया।

सड़क सुरक्षा के लिए उपयोग में लाए जाने वाले सूचनात्मक, वैधानिक सचेतक चिन्हों, सड़क के किनारे लगे माइल स्टोन के बारे में भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। देश के स्तर पर राज्य में 1 सितम्बर 2019 से लागू किए नये मोटर वाहन एक्ट एवं संशोधित जुर्माने/दंड की भी दी गई।


संवेदीकरण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अस्पताल पूर्व चिकित्सा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को

दुर्घटनास्थल पर बरती जाने वाली सावधानियों एवं अन्य सामान्य नियमों की भी जानकारी दी गयी।

इस ऑनलाइन संवेदीकरण कार्यक्रम को निम्न जिलों में संचालित किया गया:—

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | दिनांक | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | बेगूसराय, लखीसराय, शेखपुरा, खगड़िया, कटिहार, अररिया एवं किशनगंज | 10.02.2022 | 70 |
| 2. | भागलपुर, मुंगेर, पूर्णिया, बांका, जमुई, सहरसा सुपौल एवं मधेपुरा | 17.02.2022 | 100 |
| 3 | पटना, अरवल एवं समस्तीपुर | 24.02.2022 | 60 |
| **कुल संख्या** | | | **230** |

## (D) कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपाय एवं डूबने से होने वाली मौतों की रोकथाम हेतु ऑनलाईन संवेदीकरण




कोविड–19 संक्रमण से बचाव एवं डूबने से होने वाली मौतों की रोकथाम के उद्देश्य से बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा फरवरी 2022 में 15 जिलों के समुदाय के सभी वर्गों के साथ–साथ स्थानीय प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य हितभागियों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विशेषज्ञों द्वारा कोविड 19 वायरस के उत्परिवर्त्तन की जानकारी के साथ–साथ इससे बचाच के लिए सावधनियों की जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों द्वारा डूबने से होने वाली मौत के कारण, बचाव के उपाय, डूबते हुये व्यक्ति को बचाने के तरीके आदि की जानकारी वार्ता एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गयी। इस अवसर पर डूबने से होने वाली मौतों की रोकथाम हेतु समुदाय एवं अभिभावकों को सम्वेदित किया गया।

प्रतिभागियों को जीवन रक्षा तकनीक, डूबते हुए व्यक्ति को बचाने के तरीके एवं प्राथमिक उपचार की विधियों के बारे में वीडियो डिमॉन्सट्रेशन के माध्यम से संवेदीकरण किया गया।

ऑनलाइन संवेदीकरण कार्यक्रम में प्रतिभागियों की उपस्थिति और जिलों का विवरण इस प्रकार है:–

| क्र0सं0 | जिला का नाम | दिनांक | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | नालंदा, गया एवं बेगूसराय | 03/02/2022 (प्रथम पाली) | 80 |
| 2. | पूर्णिया, लखीसराय एवं भागलपुर | 03/02/2022 (दूसरी पाली) | 70 |
| 3 | शिवहर, कटिहार एवं गोपालगंज | 10/02/2022 | 60 |
| 4 | बक्सर, कैमूर एवं दरभंगा | 17/02/2022 | 80 |
| 5 | सीतामढ़ी, नवादा एवं पश्चिम चम्पारण | 24/02/2022 | 150 |
| **कुल संख्या** | | | **440** |

## (E) जीविका दीदियों एवं पदाधिकारियों का कोविड–19 संक्रमण से बचाव, आइसोलेशन, शीतलहर एवं अगलगी से बचाव के लिए संवेदीकरण

प्राधिकरण के द्वारा जिलावार "आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन" विषयक प्रशिक्षण के अन्तर्गत जीविका दीदियों एवं पदाधिकारियों को कोविड–19 संक्रमण से बचाव एवं घर पर आइसोलेशन के दौरान की सावधानियाँ, शीतलहर एवं अगलगी से बचाव विषय पर वेबिनार के माध्यम से संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस संवेदीकरण कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, सामुदायिक समन्वयक एवं जीविका दीदियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में कोविड महामारी से बचाव एवं घर में आइसोलेशन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, शीतलहर एवं अगलगी से बचाव के बारे में विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी गई। साथ ही कोविड से संबंधित प्रश्नोत्तरी सत्र में एम्स, पटना के डॉक्टर ने कोविड के प्रतिभागियों के द्वारा पूछे गये सवालों का उत्तर दिया। फरवरी 2022 में आयोजित वेबिनार कार्यक्रम के चार बैचों में 480 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ब्यौरा इस प्रकार है:–

| क्र0 सं0 | दिनांक | प्रतिभागी जिला | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 07.02.2022 | अररिया, पूर्णिया, वैशाली एवं बांका | **79** |
| 2 | 14.02.2022 | जमुई, गोपालगंज, नवादा एवं पश्चिम चम्पारण, अरवल, रोहतास | **137** |
| 3 | 21.02.2022 | गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, खगड़िया, भागलपुर एवं भोजपुर | **67** |
| 4 | 28.02.2022 | कैमूर, बक्सर, शेखपुरा, बेगूसराय, मुंगेर, लखीसराय | **197** |
| | | **कुल** | **480** |

## (F) अस्पताल अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम

'अस्पताल अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम' के तहत' 16 बिंदु अग्नि प्रवणता सूचकांक' के आधार पर फरवरी 2022 में राज्य के कुल 75 अस्पतालों का निरीक्षण किया गया जिसमें 20 सरकारी एवं 55 निजी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों का निरीक्षण प्राधिकरण के दिशा–निर्देश में अग्निशाम सेवाएं के अधिकारियों द्वारा किया गया। विवरण निम्नवत है:–

माह फरवरी 2022 में अस्पतालों/नर्सिंग होमस् के भवनों में फायर ऑडिट का ऑकड़ा।

| क्र0स0 | जिला का नाम | कोविड अस्पताल. | | | नन कोविड अस्पताल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सरकारी | निजी अस्पताल | कुल | सरकारी | निजी अस्पताल | कुल |
| 1 | पटना | 0 | 0 | 0 | 0 | 13 | 13 |
| 2 | नालंदा | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | रोहतास | 0 | 0 | 0 | 3 | 2 | 5 |
| 4 | भभुआ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | भोजपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | बक्सर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | गया | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | जहानाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | अरवल | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 4 |
| 10 | नवादा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | औरंगाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | छपरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | सिवान | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | गोपालगंज | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | मुजफ्फरपुर | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 |
| 16 | सीतामढ़ी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | शिवहर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | बेतिया | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 19 | बगहा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | मोतिहारी | 0 | 0 | 0 | 8 | 2 | 10 |
| 21 | वैशाली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | दरभंगा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | मधुबनी | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 24 | समस्तीपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | सहरसा | 0 | 7 | 7 | 0 | 14 | 14 |
| 26 | सुपौल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | मधेपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | पूर्णिया | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | अररिया | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | किशनगंज | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 31 | कटिहार | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 32 | भागलपुर | 0 | 2 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| 33 | नवगछिया | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | बाँका | 2 | 0 | 2 | 1 | 3 | 4 |
| 35 | मुंगेर | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 36 | लखीसराय | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 37 | शेखपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 38 | जमुई | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 39 | खगड़िया | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 40 | बेगुसराय | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| कुल योग | | 2 | 9 | 11 | 18 | 46 | 64 |

इस प्रकार राज्य के अब तक कुल 4,051 अस्पतालों का अग्नि प्रवणता सूचकांक के आधार पर निरीक्षण किया जा चुका है।

## (G) बहु–आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर सामुदायिक स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण





बिहार राज्य बहु–आपदा प्रवण राज्य है। यही वजह है कि यहां विभिन्न तरह की आपदाएं आती रहती हैं। पंचायतों में कुछ नौजवान आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन हेतु जरूरी ज्ञान और हुनर सीख लें तो वे अपने गाँव, पंचायत, प्रखंड एवं जिले को आपदाओं से सुरक्षित रख सकते हैं। इस उद्देश्य हेतु बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य के प्रत्येक पंचायत में 10–10 उत्साही नौजवानों/नवयुवतियों को प्रशिक्षित कर आपदाओं के प्रत्युत्तर हेतु तैयार कर रहा है ताकि आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करने में वे अपने समुदाय के लिए मददगार बन सकें। उद्देश्य यह है कि वे अपने गाँव, पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर विभिन्न आपदाओं की प्रवणता की जानकारी हासिल कर उन आपदाओं के जोखिम–न्यूनीकरण तथा प्रबंधन में समुदाय की सहायता के लिए वे स्वयं को तैयार करें। इस क्रम में दिनांक 07.02.2022 से 19.02.2022 तक प० चम्पारण के कुल 46 स्वयंसेवकों को 12 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कोविड–19 के दृष्टिगत सामाजिक दूरी का पालन करते हुये 23–23 स्वयंसेवकों की संख्या के दो क्लासों में प्रशिक्षित किया गया। फरवरी माह तक पुर्णिया, मुजफ्फरपुर एवं प० चम्पारण जिले के कुल 290 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

## (H) पंचायत संसाधन केन्द्र (DPRC) के पदाधिकारियों का ”आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन“ विषय पर दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण





राज्य के बहु–आपदा प्रवण के संबंध में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों और जिला पंचायत संसाधन केन्द्र के पदाधिकारियों को ”आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन“ विषय पर दो दिवसीय राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता एवं प्रशिक्षण के लिए इन प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से पंचायती राज विभाग के द्वारा आयोजित प्रखण्डस्तरीय प्रशिक्षण में सभी जनप्रतिनिधियों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण के विषय पर प्रशिक्षित करना है ताकि किसी भी आपदा के समय वे अपने पंचायत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें एवं पंचायतों को आत्मनिर्भर बना सकें। किसी भी आपदा के घटित होने पर समुदाय ही प्रथम रिस्पांडर होता है, अतएव आपदाओं के जोखिम की पहचान एवं न्यूनीकरण तथा प्रबंधन में समुदाय की अहम भूमिका होती है। समुदाय को इस महती भूमिका के निर्वहन हेतु जागरुक एवं सक्षम बनाने का कार्य पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से बेहतर हो सकता है। इसी पृष्टभूमि में प्राधिकरण ने मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम बैच 23–24 फरवरी, 2022 से आरंभ किया। इस प्रशिक्षण में 25 प्रतिभागियों की भागीदारी हुई, जो इस प्रकार हैः–

| क्र0सं0 | दिनांक | प्रतिभागी जिला | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 23–24 फरवरी, 2022 | पटना, वैशाली, भोजपुर एवं नालंदा | 25 |
| | | **कुल** | **25** |

## (I) M/s Anshul Snacks and Beverages Pvt. Ltd.में ब्यॉलर बिस्फोटः घटना के आलोक में माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, प्रधान बैंच, दिल्ली द्वारा बनाए गये संयुक्त समिति का घटना स्थल पर जा कर जाँच एवं ऑनलाइन मीटिंग

माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, प्रधान बैंच, दिल्ली द्वारा 'इंडिया टुडे' में दिनांक 26.12.2021 को प्रकाशित खबर–बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के नुडल्स फैक्ट्री में ब्यॉलर फटने से सात लोगों की मौत की खबर पर संज्ञान लिया। दिनांक 11.01.2022 को सुनवाई के दौरान अंतरिम आदेश पारित करते हुए दुर्घटना के कारणों व्यक्तियों एवं पर्यावरण को हुई क्षति, व्यक्तियों को भुगतान एवं क्षतिपूर्ति की स्थिती, पर्यावरण मापदण्डों के अनुपालन की स्थिति तथा सुरक्षा व्यवस्था अपनाने की स्थल जाँच, मृतकों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान तथा भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षात्मक उपाय करने हेतु छः सदस्यी संयुक्त समिति का गठन किया गया।

1. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, राँची के एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, राँची।
2. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली।
3. बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, पटना।
4. जिला धिकारी, मुजफ्फरपुर, जिला–मुजफ्फरपुर।
5. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिहार।
6. निदेशक, उद्योग विभाग, बिहार।

इस समिति के नोडल बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद को बनाया गया है। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा जयंत रौशन, परियोजना पदाधिकारी प्रतिनिधि नामित किये गये हैं।

इस संबंध में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा दिनांक 24.01.2022 को ऑनलाइन मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जयंत रौशन, परियोजना पदाधिकारी ने भाग लिया। मीटिंग के दौरान घटना के विभिन्न सभी बिन्दुओं पर चर्चा की गयी एवं दिनांक 02.02.2022 को संयुक्त समिति द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया गया।

पूर्व में निर्धारित 02.2.2022 को कमिटी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया एवं मुजफ्फरपुर जिला के नोडल अधिकारी (आपदा प्रबंधन) एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर घटना का विश्लेषण किया। कमिटी ने घटना स्थल के निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों से जानकारी जुटाई एवं घटना स्थल के तस्वीर एकत्रित किया। कमिटी ने जुटाये गए जानकारी एवं फोटोग्राफ्स के आधार पर एक ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार किया एवं इसके

विषय में 25.02.2022 को Virtual Meeting में चर्चा हुई। मिटिंग के दौरान मिले अन्य सुझावों को समाहित करते हुए फाइनल रिपोर्ट तैयार करने का कार्य किया जा रहा है।

## (J) Disaster Risk Reduction & Resilience in Cities विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (HUDCO) ने 15–16 फरवरी 2022 को "Disaster Risk Reduction & Resilience in Cities" विषय पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया था। प्राधिकरण की ओर से परियोजना पदाधिकारी श्री जयंत रौशन एव श्री अशोक कुमार शर्मा ने भाग लिया एवं संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

## (K) सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावकारी कार्रवाई के लिए SOP तैयार करने के लिए बैठक



बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावकारी कार्रवाई के लिए मानक संचालक प्रक्रिया (SOP) तैयार किए जाने हेतु दिनांक 18.02.2022 को माननीय उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में माननीय सदस्य श्री पी0एन0 राय एवं सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार उपस्थित थे। इस बैठक में परिवहन विभाग, पथ विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, शिक्षा विभाग, सूचना एवं जन–संपर्क विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, गृह विभाग (पुलिस), एस0डी0आर0एफ0, एन0डी0आर0एफ0, एन0सी0सी0, रेड क्रॉस, इंश्योरेंस कम्पनियों, ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन, ऑटो रिक्शा चालक संघ एवं अन्य गैर सरकारी संस्थाओं के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों की भागीदारी हुई।

बैठक में मानक संचालक प्रक्रिया (SOP) के प्रारूप तैयार करने के लिए समिति का गठन किया गयाः–

1. श्री नरेन्द्र कुमार,विंग कमांडर, मा0 अध्यक्ष, सड़क सुरक्षा समिति –अध्यक्ष
2. डॉ0 विनोद भांटी, अध्यक्ष, आपदा एवं दिव्यांगता समिति, रेड क्रॉस सोसाईटी,बिहार शाखा, पटना
3. डॉ0 डी0के0 गुप्ता, अपर निदेशक, स्वास्थ्य विभाग, पटना
4. श्री धनंजय कुमार बम्पट, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग
5. श्री के.के. झा, 2IC एस.डी.आर.एफ., बिहटा, पटना
6. श्री विनय कुमार, उप समादेष्टा, एन.डी.आर.एफ., बिहटा, पटना
7. पुलिस अधीक्षक (यातायात), पटना के प्रतिनिधि
8. श्री राजीव कुमार, रोड सेफ्टी वाहन अभियंता, परिवहन विभाग, पटना

9. श्री निशांत राज, उप प्रबंधक, नेशनल इन्श्योरेंस को0लि0, पटना
10. श्री अनिरूद्ध प्रसाद, वरीय जिला समादेष्ठा, पटना
11. श्री धीरज कुमार, राज्य समन्वयक, एन.सी.सी.उड़ान, बिहार एवं झारखण्ड
12. श्री संतोष कुमार, सचिव, संकल्प ज्योति, पटना
13. डॉ. जीवन कुमार, परियोजना पदाधिकारी, बि0 रा0 आ0 प्र0 प्रा0–संयोजक